दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-81 शुक्रवार 24 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# एकीकृत एवं अच्छी शिक्षा से ही विद्यार्थिओं का समग्र विकास संभव : डॉ.कृष्ण कांत

**बल्लभगढ, 23 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** वीरवार को अग्रवाल कॉलेज में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) का शुभारंभ हुआ। यह शिविर आज से 29 मार्च तक



चलेगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत किया व शुभ शीष दिया। प्राचार्य ने शहीद दिवस के अवसर पर देश के ऊपर प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों के चित्र हमें हमारी सोच व समझ को परिवर्तित करने के लिए हौंसला प्रदान करती हैं और स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे इन सात दिनों में अपने अंदर एक महान परिवर्तन लेकर आएंगे जो उनके जीवन को संवारने में मदद करेगा। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो "मैं नहीं बल्कि आप" के बजाय "मैं नहीं बल्कि हम" की सोच को विकसित करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया,उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के मन में कभी भी नकारात्मकता नहीं आनी चाहिए और उन्हें समग्र विकास के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए। छात्र जीवन में अनुशासन को सफलता व राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो को प्राप्त करने का मूल मंत्र बताया, प्राचार्य ने विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर की ज़िम्मेदारी सौंपने के लिए राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय, पंचकूला व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विशेष आभार प्रकट किया। शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला ने भी स्वागत भाषण में स्वयंसेवकों को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया। स्वागत समारोह में मंच संचालन का कुशल कार्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सुप्रिया ढांडा ने किया। गौरतलब है कि शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सम्बद्ध 10 महाविद्यालयों की 14 इकाईयों के 133 स्वयंसेवक व कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।